2025/745

# अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास- मृदुला शेखावत, आर.ए.एस.

प्रार्थी — बनाम — अप्रार्थी

इन्द्रादेवी — सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :- 497/2025

**-::आदेश::-** दिनांकः-

प्रार्थी इन्द्रादेवी पुत्री श्री गोराराम जाति राईका निवासी हर्ष तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम हर्ष की जमाबंदी संवत् 2075 से 2078 के खाता सं. 51 के खसरा नंबर 1/31 में दर्ज अशुद्ध नाम इन्द्रादेवी पुत्री गोराराम हिस्सा 63/1600 जाति राईका निवासी हर्ष का शुद्ध विवरण इन्द्रादेवी पुत्री गोराराम हिस्सा 9/800 व इन्द्रादेवी पुत्री घीसाराम हिस्सा 9/320 जाति राईका निवासी हर्ष की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
एवं उपखण्ड अधिकारी
बिलाडा

o/c

09/10/2025
प. बिलाड़ा चक-2
अतिरिक्त विकसित,